**अभ्यास प्रश्नपत्र 2020-21 विषय-हिंदी 'ब' (कोड 85) कक्षा 10 (सेट-2)**

**निर्धारित समय - 3 घंटे** **अधिकतम अंक - 80**

**सामान्य निर्देश:- निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए -**

- **इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं- खंड 'अ' और खंड 'ब'**
- **खंड 'अ' में कुल 9 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। सभी प्रश्नों में उपप्रश्न दिए गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**
- **खंड 'ब' में कुल 8 वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं। प्रश्नों में आतंरिक विकल्प दिए गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

| प्रश्न | खंड 'अ' वस्तुपरक प्रश्न | अंक |
|---|---|---|
| | अपठित गद्यांश | (10) |
| प्रश्न1. | **नीचे 2 गद्यांश दिए गए हैं। किसी 1 गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** | 5X1=5 |
| | गद्यांश-I | |
| | **यदि आप इस गद्यांश का चयन करते हैं तो कृपया उत्तर-पुस्तिका में लिखें कि आप प्रश्न संख्या 1 में गद्यांश-I पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिख रहे हैं।** | |
| | अगर हम आज से दस साल पहले की तकनीक पर गौर करें तो उस समय कुछ ख़ास नहीं था। लोग आज की तरह हाई स्पीड वाले स्मार्ट फोन का इस्तेमाल नहीं करते थे और ना ही आज की तरह इस्तेमाल किये जाने वाले इंटरनेट की सुविधा पहले के फोनों में थी। लेकिन आज कल इंटरनेट और स्मार्टफोन के बिना तो किसी जीवन थम सा जाता है। आज की तारीख में कोई भी व्यक्ति इंटनेट और स्मार्टफोन के बिना अपना जीवन नीरस पाता है। इसलिए इंटनेट और स्मार्टफोन पर निर्भर रहना बहुत अधिक बढ़ गया है। व्यक्ति मोबाइल लेकर सोता है तो मोबाइल देखकर ही सुबह की शुरुआत करता है। मोबाइल फोन की तकनीक में दिनों-दिन नए प्रयास और नए विचारों का प्रयोग किया जा रहा है और जो नई तकनीकें बनाई गयी है उसे और भी उन्नत बनाने का प्रयास किया जा रहा है जो कि भविष्य में और भी मददगार साबित हो सकती है। भविष्य में ऐसा हो सकता है कि मोबाइल आपके अंतर्मन के भावों को पढने और उसे व्यक्त करने में निपुणता हासिल कर ले। मोबाइल की तकनीक में अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर काम होना शुरू हो गया है। आप घर में हों , बाहर हों, मोबाइल से आप अपने घर की सुरक्षा से लेकर , पढ़ाई और बाज़ार आदि के तमाम काम एक स्पर्श से संभाल सकते हैं। ऐसी कई तकनीकें तो आ भी गयी है पर भविष्य के लिए इसकी तकनीक में कई प्रकार के बदलाव होने की प्रक्रिया आरम्भ हो चुकी है। | |
| | **निम्नलिखित में से निर्देशानुसार सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए:-** | |
| (1) | आज से दस साल पहले किसमें कुछ ख़ास नहीं था ?<br>I. टेलीविज़न की तकनीक में | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | II. मोबाइल फोन की तकनीक में<br>III. इन्टरनेट की तकनीक में<br>IV. मोबाइल फोन और इन्टरनेट दोनों की तकनीक में | |
| (2) | इन्टरनेट और मोबाइल के बंद होने को जीवन थमने का कारण क्यों बताया गया है ?<br>I. आजकल लोग इन्टरनेट और मोबाइल से दूर रहना चाहते हैं ।<br>II. इन्टरनेट और मोबाइल आज के समय की जरुरत बन चुके हैं ।<br>III. इन्टरनेट और मोबाइल समय के प्रवाह को रोक देते हैं ।<br>IV. उपरोक्त सभी | 1 |
| (3) | 'व्यक्ति मोबाइल लेकर सोता है तो मोबाइल देखकर ही सुबह की शुरुआत करता है।' कथन का आशय है-<br>I. मोबाइल अब लोगों की दिनचर्या का अभिन्न अंग बन चुका है ।<br>II. सोने और जागने के लिए व्यक्ति का मोबाइल देखना अनिवार्य है ।<br>III. व्यक्ति का आलस्य<br>IV. उपरोक्त सभी | 1 |
| (4) | भविष्य में मोबाइल की तकनीक में क्या परिवर्तन आने की संभावना है?<br>I. परग्रही लोगों से आपका संपर्क स्थापित हो जाए ।<br>II. टाइम मशीन की तरह आप भूतकाल में चले जाएँ।<br>III. मोबाइल आपके अंतर्मन के भावों को पढ़ ले ।<br>IV. इनमे से कोई नहीं | 1 |
| (5) | निम्नलिखित में से **सर्वाधिक उपयुक्त शीर्षक** का चयन कीजिए-<br>I. कंप्यूटर और इन्टरनेट<br>II. इन्टरनेट का बढ़ता दुष्प्रभाव<br>III. मोबाइल फोन और तकनीक का विकास<br>IV. मोबाइल फोन पर बढ़ती आत्मनिर्भरता | 1 |
| | **अथवा गद्यांश-II** | |
| | **यदि आप इस गद्यांश का चयन करते हैं तो कृपया उत्तर-पुस्तिका में लिखें कि आप प्रश्न संख्या 1 में गद्यांश-II पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिख रहे हैं ।** | |
| | मैं नदी हूँ। सर-सर का स्वर करते हुए चलती हूँ इसलिये लोग मुझे सरिता भी कहते हैं। तेज प्रवाह में होने के कारण प्रवाहिनी भी कहलाती हूँ। मेरे छोटे रूप को नहर कहते हैं। 'जल' मेरा जीवन, मेरी पहचान है। मेरे दोनों किनारे मेरा ही अंग हैं। मेरी धड़कनें हैं उठती गिरती लहरें। मेरा काम, धर्म सब है - निरन्तर बहना, जो सांसों की तरह सदैव चलता है। पहाड़ों की बर्फीली कन्दराओं पर सूर्य की तपिश से मेरा जन्म होता है और मैं चल पड़ती हूँ संगीतमय ध्वनि के साथ। तेजी से कभी मैं झरनों के रूप में खूबसूरत वादियों में गिरती हूँ, फिर उठती गिरती बहती रहती हूँ। घाटियों में दोनों ओर वृक्षों की लम्बी कतारें मुझमें अपनी छवि निहारती हैं। आकाश, सूर्य चाँद, सितारे सब मेरे साथ साथ चलते हैं। कभी चट्टानें मेरे रास्ते में आ जाती | |

| | | |
|---|---|---|
| | हैं तो मैं उनसे टकरा का अपना रूख बदल लेती हूँ। संसार के हर देश में स्थानीय लोगों के दिये नामों से मुझे पुकारा जाता है। सबसे बड़ी मैं अमरीका में मिसीसिपी नदी हूँ। भारत में मैं गंगा, यमुना, गोदावरी, गोमती, ब्रह्मपुत्र, कावेरी और कृष्णा हूँ। मैं हर किसी के लिये महत्व रखती हूँ, सबके काम आती हूँ। बड़ी-बड़ी सभ्यताओं और संस्कृतियों ने मेरे तट पर ही जन्म लिया। बड़े बड़े नगरों, उद्योगों को मेरे तट पर बसाया गया है। गया, प्रयाग, इलाहाबाद, हरिद्वार तो मेरे कारण ही तीर्थस्थल बन गये हैं, जहाँ त्योहार के दिनों में लोग स्नान करने आते हैं। मेरे पानी से कृषक खेत सींचते हैं, धरती हरी भरी रहती है। पीने का पानी भी मैं हूँ। उद्योग-धन्धों में भी मेरा प्रयोग होता है। बिजली मेरे पानी से बनती है। मुझ पर बाँध और पुल बना कर इंसान ने मुझे जीत लिया है। नौका और जहाज मुझे चीरते हुए आगे निकल जाते हैं। मुझमें जाल डाल कर मछुआरे मछलियाँ निकालते हैं। मेरे पानी में कई तरह की वनस्पति, मछलियाँ, मगरमच्छ पलते हैं। किन्तु आजकल शहरों की सारी गन्दगी ने मुझे गंदा कर दिया है। | |
| | **निम्नलिखित में से निर्देशानुसार <u>सर्वाधिक उपयुक्त</u> विकल्पों का चयन कीजिए:-** | |
| **(1)** | नदी को सरिता क्यों कहा जाता है?<br>I. क्योंकि वह सरों (तालाबों) का निर्माण करती है ।<br>II. सर-सर ध्वनि (गतिशीलता) के कारण<br>III. क्योंकि वह सभी जगह पूजनीय होती है ।<br>IV. क्योंकि वह प्रलय लाती है । | **1** |
| **(2)** | नदी की पहचान किससे है?<br>I. हिमालय पर्वत से<br>II. जल से<br>III. सर-सर ध्वनि से<br>IV. मछलियों से | **1** |
| **(3)** | नदी का धर्म क्या है?<br>I. बाधा बन खड़े रहना<br>II. वर्षा लाना<br>III. निरंतर प्रवाहित होना<br>IV. उपरोक्त सभी | **1** |
| **(4)** | 'बड़ी-बड़ी सभ्यताओं और संस्कृतियों ने मेरे तट पर ही जन्म लिया।' पंक्ति का आशय क्या है ?<br>I. नदी के जीवनदायिनी स्वरुप के कारण संसार की महान सभ्यताएं नदियों के किनारे ही विकसित हुईं ।<br>II. संस्कृत भाषा का विकास नदी के कारण हुआ ।<br>III. बड़ी-बड़ी सभ्यताओं और संस्कृतियों के कारण नदी ने अपना अस्तित्व खो दिया ।<br>IV. उपरोक्त सभी | **1** |

| | | |
|---|---|---|
| (5) | निम्नलिखित में से **<u>सर्वाधिक उपयुक्त शीर्षक</u>** का चयन कीजिए-<br>I. पर्यावरण और नदी<br>II. सभ्यता और संस्कृति<br>III. मैं नदी हूँ<br>IV. नदी और समुद्र | 1 |
| **प्रश्न2.** | **नीचे <u>2</u> गद्यांश दिए गए हैं। किसी <u>1</u> गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** | **5X1=5** |
| | **गद्यांश-I** | |
| | **यदि आप इस गद्यांश का चयन करते हैं तो कृपया उत्तर-पुस्तिका में लिखें कि आप प्रश्न संख्या 2 में गद्यांश-I पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिख रहे हैं ।** | |
| | साहसी मनुष्य का जीवन ही सच्चा जीवन होता है। साहसी मनुष्य अपने उद्देश्य के लिए बढ़ते रहते हैं। वास्तव में साहसी लोग ही संसार की शक्ति होते हैं। साहसी लोग अपने मार्ग पर अकेले ही बढ़ते हैं, जैसे जंगल में शेर अकेला रहता है। डरपोक लोग ही भेड़ों की तरह झुंड बनाकर रहते हैं। संकट झेलना ही जीवन का स्तर दिखाता है जो संकटों से बचता है वह वास्तविक जीवन से कोसों दूर होता है। जीवन में संकटों का सामना करना एक पूंजी है। जो इस पूंजी को जितनी मात्रा में लगाता है मैं उसी मात्रा में उसका फल पाता है। जीवन को अनंत मानकर आगे बढ़ने वाला मनुष्य ही जीवन के रहस्य को प्राप्त कर सकता है। जीवन का साधक थोड़े से सुकून से संतुष्ट नहीं होता बल्कि वह हिम्मत से सबसे ऊँची चोटी का फल तोड़कर खाना चाहता है। सागर के अंदर गोता लगाकर तल से मोती पाना चाहता है। उसके लिए दुर्लभ कुछ भी नहीं है। वह कठिन परिस्थितियों में भी अपना मार्ग बना ही लेता है। | |
| | **निम्नलिखित में से निर्देशानुसार <u>सर्वाधिक उपयुक्त</u> विकल्पों का चयन कीजिए:-** | |
| (1) | साहसी व्यक्ति में क्या-क्या विशेषताएं होनी चाहिए?<br>I. संकटों का सामना करने वाला<br>II. निडर<br>III. कठिन परिस्थितियों में भी न घबराने वाला<br>IV. उपरोक्त सभी | 1 |
| (2) | जीवन का वास्तविक सार क्या है?<br>I. मनुष्य का साहसी बनना<br>II. मनुष्य का कायर बनना<br>III. मनुष्य का धन-संपत्ति संचय करना<br>IV. शेर का शिकार करना | 1 |
| (3) | गद्यांश में जीवन में संकटों का सामना करने को किसके समान बताया गया है ?<br>I. फल के समान<br>II. रहस्य के समान<br>III. पूँजी के समान | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | IV. संतोष के समान | |
| (4) | जीवन का साधक क्या चाहता है?<br>I. शांति और सुकून<br>II. दुर्लभ से दुर्लभ वस्तु को प्राप्त करना<br>III. अधिक से अधिक धन और संपत्ति एकत्रित करना<br>IV. उपरोक्त में से कोई नहीं | 1 |
| (5) | भेड़ों की प्रवृत्ति क्या होती है?<br>I. अकेला रहना<br>II. हिंसा फैलाना<br>III. झुण्ड बनाकर रहना<br>IV. शिकार करना | 1 |
| | **अथवा गद्यांश-II** | |
| | **यदि आप इस गद्यांश का चयन करते हैं तो कृपया उत्तर-पुस्तिका में लिखें कि आप प्रश्न संख्या 2 में गद्यांश-II पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिख रहे हैं ।** | |
| | सत्संग से लौकिक और पारलौकिक दोनों प्रकार के सुख प्राप्त होते हैं। यदि कोई मनुष्य इस जीवन में दुखी रहता है तो कम से कम कुछ समय के लिए श्रेष्ठ पुरुषों की संगति में वह अपने सांसारिक दुखों का विस्मरण कर देता है। महापुरुषों के उपदेश सदैव सुख शांति प्रदान करते हैं। दुख के समय मनुष्य जिनका स्मरण करके धीरज प्राप्त करता है। सत्संग में लीन रहने वाले मनुष्य को दुखों का भय नहीं रहता है। वह अपने दिल से समझता है, जिससे दुखों का कोई कारण ही शेष नहीं रह जाता। सत्संग के प्रभाव से धैर्य लाभ होता है जिससे मन में क्षमा की शक्ति स्वयं ही आ जाती है। क्षमा सभी प्रकार के दुर्गुणों का विनाश कर देती है और मन को शांति व संतोष प्रदान करती है। इसी प्रकार के अन्य अनेक लाभ सत्संग द्वारा प्राप्त होते हैं। संगति का प्रभाव मन पर अनिवार्य रूप से पड़ता है अतः सत्संग में रहने वाला मनुष्य सदाचारी होता है। हमें भी सदस्य सज्जन पुरुषों की संगति करनी चाहिए और दुर्जन मनुष्य उसे दूर रहना चाहिए। दुर्जनों के संग रहकर उत्कृष्ट गुणों वाला मनुष्य भी विनाश की ओर चला जाता है। | |
| | **निम्नलिखित में से निर्देशानुसार सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए:-** | |
| (1) | सत्संग से लौकिक और पारलौकिक सुख किस प्रकार प्राप्त होते हैं?<br>I. ईश्वर भक्ति के कारण<br>II. दुर्जन व्यक्तियों की संगति के कारण<br>III. सत्संगति से प्राप्त धैर्य और क्षमा के कारण<br>IV. उपरोक्त में से कोई नहीं | 1 |
| (2) | सत्संग से मन को क्या लाभ प्राप्त होता है?<br>I. दुःख और भय की समाप्ति<br>II. शांति व संतोष | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | III. धैर्य और क्षमा<br>IV. उपरोक्त सभी | |
| (3) | दुर्जन व्यक्तियों से दूर रहने की सलाह क्यों दी गई है?<br>I. क्योंकि यह मनुष्य की प्रवृत्ति है ।<br>II. क्योंकि मनुष्य के उत्कृष्ट गुणों का भी नाश हो जाता है।<br>III. क्योंकि दुर्जन ही व्यक्ति के शुभेच्छु होते हैं ।<br>IV. इनमें से कोई नहीं | 1 |
| (4) | 'विस्मरण' शब्द में उपसर्ग है -<br>I. विस्<br>II. वि<br>III. विस्म<br>IV. मरण | 1 |
| (5) | महापुरुषों के उपदेश क्या करते हैं?<br>I. व्यथित करते हैं ।<br>II. मन को भटकाते हैं ।<br>III. सुख शांति प्रदान करते हैं ।<br>IV. उपरोक्त सभी | 1 |
| | **व्यावहारिक व्याकरण** | (16) |
| **प्रश्न3.** | **निम्नलिखित पाँच भागों में से किन्हीं चार भागों के उत्तर दीजिए-** | |
| (1) | निम्नलिखित में से असत्य कथन छांटिए-<br>I. जब शब्द वाक्य में प्रयुक्त हो जाते हैं तब वे पद कहलाते हैं।<br>II. कई पद मिलकर पदबंध बनाते हैं ।<br>III. पद हमेशा व्याकरणिक नियमों में बंधे होते हैं ।<br>IV. भाषा की सबसे छोटी इकाई पद होते हैं । | 1 |
| (2) | 'तताँरा की तलवार एक **विलक्षण रहस्य** थी।' - रेखांकित में पदबंध है:-<br>I. संज्ञा पदबंध<br>II. क्रिया विशेषण पदबंध<br>III. विशेषण पदबंध<br>IV. क्रिया पदबंध | 1 |
| (3) | 'मजदूर जल्दी-जल्दी काम करता हुआ थक गया ।' - वाक्य में क्रिया विशेषण पदबंध है:-<br>I. मजदूर<br>II. जल्दी-जल्दी<br>III. काम करता हुआ<br>IV. थक गया | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| (4) | 'उसकी कल्पना में वह एक **<u>अद्भुत साहसी</u>** युवक था ।' - वाक्य में रेखांकित पदबंध है:-<br>I. संज्ञा पदबंध<br>II. विशेषण पदबंध<br>III. क्रिया पदबंध<br>IV. क्रियाविशेषण पदबंध | 1 |
| (5) | '**<u>अमेरिका में रहने वाले एक मित्र</u>** ने मुझे बुलाया है ।' - वाक्य में रेखांकित पदबंध है:-<br>I. संज्ञा पदबंध<br>II. विशेषण पदबंध<br>III. क्रिया पदबंध<br>IV. क्रियाविशेषण पदबंध | 1 |
| **प्रश्न4.** | **निम्नलिखित पाँच भागों में से किन्हीं चार भागों के उत्तर दीजिए-** | |
| (1) | जिन वाक्यों में एक ही उद्देश्य और एक ही विधेय होता है -वह वाक्य कहलाता है:-<br>I. सरल वाक्य<br>II. संयुक्त वाक्य<br>III. मिश्र वाक्य<br>IV. प्रमुख वाक्य | 1 |
| (2) | 'वामीरो कुछ सचेत हुई और घर की तरफ दौड़ी।' - वाक्य रचना की दृष्टि से है:-<br>I. सरल वाक्य<br>II. संयुक्त वाक्य<br>III. मिश्र वाक्य<br>IV. प्रमुख वाक्य | 1 |
| (3) | 'जब तक मैं न आऊँ तब तक यहीं बैठे रहना ।'- का सरल वाक्य बनेगा:-<br>I. जब मैं आ जाऊँगा तब यहीं बैठना ।<br>II. मेरे आने तक यहीं बैठे रहना ।<br>III. मैं न आऊँ तो यहीं बैठे रहना ।<br>IV. जब मैं न आऊँ तब तक यहीं बैठे रहना । | 1 |
| (4) | निम्नलिखित में मिश्र वाक्य है:-<br>I. मैं वहाँ पहुँचा और तुरन्त घंटा बजा।<br>II. अनन्या आज अपनी सहेलियों के साथ बाज़ार गई है ।<br>III. काम समाप्त करो और जाओ।<br>IV. यदि आप आज्ञा दें तो मैं जाऊँ। | 1 |
| (5) | निम्नलिखित में संयुक्त वाक्य है:-<br>I. जब छह बजें तब लौट आना।<br>II. मोहन और सुरेश बचपन के मित्र हैं।<br>III. रुचि या तो स्वयं आएगी या फोन करेगी। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | IV. यहाँ जो प्रबन्ध है वह अति प्रशंसनीय है। | |
| **प्रश्न5.** | **निम्नलिखित पाँच भागों में से किन्हीं चार भागों के उत्तर दीजिए-** | |
| (1) | 'मरणासन्न'- शब्द में कौन-सा समास है:-<br>I. तत्पुरुष<br>II. द्वंद्व<br>III. बहुव्रीहि<br>IV. अव्ययीभाव | 1 |
| (2) | 'नीलकमल'- समस्तपद का विग्रह है :-<br>I. नीला है जैसा कमल<br>II. नीला है जो कमल<br>III. नीले रंग का कमल<br>IV. नीला-नीला कमल | 1 |
| (3) | 'विधि के अनुसार'- का समस्तपद है :-<br>I. विधि अनुसार<br>II. यथाविधि<br>III. विधियथा<br>IV. विधानुसार | 1 |
| (4) | 'धर्मविमुख'- शब्द के सही समास विग्रह का चयन कीजिए :-<br>I. धर्म को विमुख<br>II. धर्म से विमुख<br>III. धर्म के लिए विमुख<br>IV. धर्म में विमुख | 1 |
| (5) | 'सप्ताह'- समस्तपद का विग्रह है :-<br>I. सात दिनों के अनुसार<br>II. सात दिनों का समाहार<br>III. सात दिनों तक चलने वाला<br>IV. सात हैं जो दिन | 1 |
| **प्रश्न6.** | **निम्नलिखित चारों भागों के उत्तर दीजिए-** | |
| (1) | पिता ने पुत्र की गलती पर उसे ______________ लिया। :- सटीक मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए:-<br>I. हाथों हाथ<br>II. आड़े हाथ<br>III. सीधे हाथ<br>IV. सिर माथे | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| (2) | आजकल प्रतियोगिता के वातावरण में नौकरी प्राप्त करना ____________के समान है। :- सटीक मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए:-<br>I. नंगी तलवार लटकने<br>II. ईंट से ईंट बजाने<br>III. लोहे के चने चबाने<br>IV. राई का पहाड़ बनाने | 1 |
| (3) | कृष्ण की मुरली की मनमोहक धुन सुनकर गोपियाँ ___________ बैठती थीं । :- सटीक मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए:-<br>I. आँखें लाल कर<br>II. सुध-बुध खो<br>III. तिल का ताड़ बना<br>IV. कान की कच्ची हो | 1 |
| (4) | मेरी बेटी ही मेरे लिए ___________ है । :- सटीक मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए:-<br>I. अंधे की पगड़ी<br>II. अंधे की लाठी<br>III. अंधे का चश्मा<br>IV. अंधे का पहाड़ | 1 |
| | **पाठ्य-पुस्तक** | **(14)** |
| **प्रश्न7.** | **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए:-** | **4X1=4** |
| | कर चले हम फ़िदा जानो-तन साथियो<br>अब तुम्हारे हवाले वतन साथियो<br>साँस थमती गई, नब्ज़ जमती गई<br>फिर भी बढ़ते कदम को न रुकने दिया<br>कट गए सर हमारे तो कुछ गम नहीं<br>सर हिमालय का हमने न झुकने दिया<br>मरते मरते रहा बाँकपन साथियो<br>अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों<br>ज़िंदा रहने के मौसम बहुत हैं मगर<br>जान देने की रुत रोज़ आती नहीं<br>हुस्न और इश्क दोनों को रुस्वा करे<br>वो जवानी जो खूँ में नहाती नहीं | |
| (1) | 'साथियो' संबोधन पद्यांश में किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?<br>I. मित्र के लिए<br>II. देशवासियों के लिए<br>III. शत्रुओं के लिए | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | IV. किसानों के लिए | |
| (2) | 'सर हिमालय का हमने न झुकने दिया' पंक्ति का आशय है-<br>I. देश के शत्रुओं का विनाश कर दिया<br>II. देश की सीमाओं को तार से घेर लिया<br>III. देश के मान-सम्मान और गौरव को हमने झुकने नहीं दिया<br>IV. हिमालय से निकलने वाली नदियों पर बाँध बना दिए | 1 |
| (3) | वीर सैनिकों को किस बात का गम नहीं है?<br>I. आत्म-अभिमान का<br>II. आत्म-बलिदान का<br>III. आत्म-विश्वास का<br>IV. आत्म-अनुशासन का | 1 |
| (4) | किस प्रकार की जवानी हुस्न (सौन्दर्य) और इश्क (प्रेम) को पसंद है ?<br>I. वो जवानी जो खून से नहाई हो<br>II. वो जवानी जो खून से नहाई नहीं हो<br>III. वो जवानी जो खून के घूँट पिलाए<br>IV. वो जवानी जो खून के आँसू रुलाए | 1 |
| **प्रश्न8.** | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए:-** | **5X1=5** |
| | मैं तुमसे पाँच साल बड़ा हूँ और चाहे आज तुम मेरी ही जमात मे आ जाओ और परीक्षकों का यही हाल है, तो निस्संदेह अगले साल तुम मेरे समकक्ष हो जाओगे और शायद एक साल बाद मुझसे आगे भी निकल जाओ, लेकिन मुझमें और तुममें जो पाँच साल का अंतर है, उसे तुम क्या, खुदा भी नहीं मिटा सकता। मैं तुमसे पाँच साल बड़ा हूँ और हमेशा रहूँगा। मुझे दुनिया का और ज़िंदगी का जो तजुरबा है, तुम उसकी बराबरी नहीं कर सकते, चाहे तुम एम.ए. और डी. फिल् और डी.लिट ही क्यों न हो जाओ। समझ किताबें पढ़ने से नहीं आती, दुनिया देखने से आती है। हमारी अम्माँ ने कोई दरजा नहीं पास किया और दादा भी शायद पाँचवीं छठी जमात के आगे नहीं गए, लेकिन हम दोनों चाहे सारी दुनिया की विद्या पढ़ लें, अम्माँ और दादा को हमें समझाने और सुधारने का अधिकार हमेशा रहेगा। केवल इसलिए नहीं कि वे हमारे जन्मदाता हैं, बल्कि इसलिए कि उन्हें दुनिया का हमसे ज़्यादा तजुरबा है और रहेगा। | |
| (1) | 'मैं तुमसे पाँच साल बड़ा हूँ ।'- यह कथन किसका है?<br>I. बड़े भाई साहब का<br>II. छोटे भाई का<br>III. अम्मा का<br>IV. बड़े भाई के मित्र का | 1 |
| (2) | किस बात को ईश्वर भी नहीं मिटा सकता है ?<br>I. अनुभव के अन्तर को<br>II. कक्षा के अंतर को | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | III. उम्र के अंतर को<br>IV. ज्ञान के अंतर को | |
| (3) | बड़े भाई के अनुसार समझ कैसे आती है ?<br>I. किताबें पढने से<br>II. दुनिया देखने से<br>III. बातचीत से<br>IV. रटने से | 1 |
| (4) | अम्माँ और दादा को हमें समझाने और सुधारने का अधिकार हमेशा रहेगा क्योंकि -<br>I. वे हमारे जन्मदाता हैं ।<br>II. उन्हें दुनिया का ज़्यादा अनुभव है ।<br>III. उनकी आयु अधिक है ।<br>IV. हमसे अधिक पढ़े-लिखे हैं । | 1 |
| (5) | 'परीक्षकों का यही हाल है, तो निस्संदेह अगले साल तुम मेरे समकक्ष हो जाओगे' कथन के माध्यम से बड़े भाई साहब ने किस पर व्यंग्य किया है ?<br>I. निरक्षरता पर<br>II. दोषपूर्ण परीक्षा प्रणाली पर<br>III. साक्षरता पर<br>IV. बड़ों के अनुभव पर | 1 |
| **प्रश्न9.** | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के <u>सर्वाधिक उपयुक्त</u> विकल्पों का चयन कीजिए:-** | **5X1=5** |
| | जापान में मैंने अपने एक मित्र से पूछा, "यहाँ के लोगों को कौन सी बीमारियाँ अधिक होती हैं?" "मानसिक", उन्होंने जवाब दिया, "यहाँ के अस्सी फ़ीसदी लोग मनोरुग्ण हैं।" "इसकी क्या वजह है?" कहने लगे, "हमारे जीवन की रफ़्तार बढ़ गई है। यहाँ कोई चलता नहीं, बल्कि दौड़ता है। कोई बोलता नहीं, बकता है। हम जब अकेले पड़ते हैं तब अपने आपसे लगातार बड़बड़ाते रहते हैं। "अमेरिका से हम प्रतिस्पर्धा करने लगे। एक महीने में पूरा होने वाला काम एक दिन में ही पूरा करने की कोशिश करने लगे। वैसे भी दिमाग की रफ़्तार हमेशा तेज़ ही रहती है। उसे "स्पीड' का इंजन लगाने पर वह हज़ार गुना अधिक रफ़्तार से दौड़ने लगता है। फिर एक क्षण ऐसा आता है जब दिमाग का तनाव बढ़ जाता है और पूरा इंजन टूट जाता है। ...यही कारण है जिससे मानसिक रोग यहाँ बढ़ गए हैं।..." | |
| (1) | जापान में कौन सी बीमारी सबसे अधिक होती है?<br>I. शारीरिक<br>II. मानसिक<br>III. हड्डियों की<br>IV. चाय पीने की | 1 |
| (2) | जापान के लोग किससे प्रतिस्पर्धा करने लगे ?<br>I. अमेरिका से | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | II. भारत से<br>III. चीन से<br>IV. रूस से | |
| (3) | जापान में मानसिक बीमारी बढ़ने का क्या मुख्य कारण है ?<br>I. दिमाग में स्पीड का इंजन लगा होना<br>II. महीनों का काम एक दिन में पूरा करना<br>III. प्रतिस्पर्धा की भावना के कारण<br>IV. उपरोक्त सभी | 1 |
| (4) | जापानियों के जीवन की रफ़्तार क्यों बढ़ गई है ?<br>I. क्योंकि वे कम समय में अधिक से अधिक उत्पादन करना चाहते हैं ।<br>II. क्योंकि वे जल्दी घर जाकर शांति से चाय पीना चाहते हैं ।<br>III. क्योंकि वे समय की परवाह नहीं करते ।<br>IV. उपरोक्त में से कोई नहीं | 1 |
| (5) | 'दिमाग में स्पीड का इंजन लगा होना' - का अर्थ है :-<br>I. दिमाग में गर्मी पैदा होना<br>II. दिमाग को विश्राम देना<br>III. दिमाग को अत्यधिक गति से दौड़ाना<br>IV. मतिभ्रम होना | 1 |
| | **खंड 'ब'-वर्णनात्मक प्रश्न** | |
| | **पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पाठ्य-पुस्तक** | (14) |
| **प्रश्न10.** | **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए:-** | 2X2=4 |
| (i) | बड़े भाई साहब को अपने मन की इच्छाएँ क्यों दबानी पड़ती थीं? | 2 |
| (ii) | समुद्र के गुस्से की क्या वजह थी? उसने अपना गुस्सा कैसे निकाला? | 2 |
| (iii) | मीठी वाणी बोलने से औरों को सुख और अपने तन को शीतलता कैसे प्राप्त होती है? कबीर के पद के आधार पर स्पष्ट कीजिए। | 2 |
| **प्रश्न11.** | **निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग 60-70 शब्दों में लिखिए:-** | 1X4=4 |
| | 'मनुष्यता' कविता का प्रतिपाद्य अपने शब्दों में लिखिए । | 4 |
| **प्रश्न12.** | **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में लिखिए:-** | 2X3=6 |
| (i) | कथावाचक और हरिहर काका के बीच क्या संबंध है और इसके क्या कारण हैं? | 3 |
| (ii) | 'कोई भी भाषा आपसी व्यवहार में बाधा नहीं बनती' - 'सपनों के-से दिन' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। | 3 |
| (iii) | टोपी ने इफ़्फ़न से दादी बदलने की बात क्यों कही? | 3 |
| | **लेखन** | (26) |
| **प्रश्न13.** | **निम्नलिखित में से किसी 1 विषय पर दिए गए संकेत-बिदुओं के आधार पर लगभग 80-100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए:-** | 1X6=6 |

| | | |
|---|---|---|
| | **1. ऑनलाइन पढ़ाई**<br>• लाभ<br>• हानि<br>• उपसंहार<br>**2. बढ़ता शहरीकरण**<br>• कारण<br>• लाभ और हानि<br>• उपसंहार<br>**3. परिश्रम ही सफलता की कुँजी है**<br>• कैसे<br>• परिश्रम और योजना<br>• उपसंहार | |
| **प्रश्न14.** | आपके मोहल्ले में जगह-जगह नालियाँ खुदी हुई हैं जिन्हें ढँककर या सुरक्षा घेरा बनाकर नहीं रखा गया है। इसकी शिकायत करते हुए नगर निगम अधिकारी को एक पत्र लिखिए ।<br>**अथवा**<br>आपने किसी दूसरे शहर की यात्रा के लिए रेलवे से एक टिकट बुक कराया था । अब वह टिकट आपसे कहीं खो गया है । उसकी दूसरी प्रतिलिपि (कॉपी) निकलवाने के लिए रेलवे के अधिकारी को एक पत्र लिखें । | **1X5=5** |
| **प्रश्न15.** | अपने विद्यालय में आयोजित होने वाले वार्षिक समारोह में विद्यार्थियों को उनकी रुचि के अनुसार विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों में भाग लेने हेतु नाम देने के लिए लगभग 30-40 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए ।<br>**अथवा**<br>आपको किसी विद्यार्थी की खोई हुई बैंक पासबुक विद्यालय परिसर में प्राप्त हुई है । बैंक पासबुक को उस विद्यार्थी तक पहुँचाने के लिए लगभग 30-40 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए । | **1X5=5** |
| **प्रश्न16.** | आप अपने मोहल्ले में हो रहे 'रक्तदान शिविर' के आयोजन के लिए लगभग 25-50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए ।<br>**अथवा**<br>'सौन्दर्य' ब्रांड का क्रीम बेचने के लिए लगभग 25-50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए । | **1X5=5** |
| **प्रश्न17.** | 'ग्रामीण जीवन' - विषय पर लगभग 100-120 शब्दों में एक लघुकथा लिखिए ।<br>**अथवा**<br>'परोपकार सबसे बड़ा धर्म है' - विषय पर लगभग 100-120 शब्दों में एक लघुकथा लिखिए । | **1X5=5** |